حرمين

رئاسة الشؤون الدينية
بالمسجد الحرام والمسجد النبوي

उम्रा का तरीक़ा
चुनिंदा दुआओं के साथ

हरमैन-शरीफ़ैन के आगंतुकों के प्रकाशन

مطبوعات قاصد الحرمين الشريفين

برنامج قاصد الحرمين

उम्रा का तरीक़ा

चुनिंदा दुआओं के साथ

हरमैन-शरीफ़ैन के आगंतुकों के प्रकाशन

مطبوعات قاصد الحرمين الشريفين

ⓒ رئاسة الشؤون الدينية بالمسجد الحرام والمسجد النبوي، ١٤٤٦هـ

رئاسة الشؤون الدينية بالمسجد الحرام والمسجد النبوي

صفة العمرة باللغة الهندية./رئاسة الشؤون الدينية بالمسجد الحرام والمسجد النبوي - ط١. .- مكة المكرمة، ١٤٤٦هـ

٥٠ص، ١٤×٢١سم

رقم الإيداع: ١٤٤٦/١٤١٥٨

ردمك: ٤-٥٥-٨٥٠٦-٦٠٣-٩٧٨

हरमैन-शरीफ़ैन के आगंतुकों के प्रकाशन

प्रथम संस्करण

१४४६هـ/२०२५م

मुख्यालय का प्राक्कथन

हर प्रकार की प्रशंसा केवल अल्लाह के लिए योग्य है, तथा अल्लाह की दया और शांति अवतरित हो अल्लाह के रसूल, उनके परिवार, उनके सहाबा और उनके अनुयायियों पर। इसके बाद:

सर्वशक्तिमान अल्लाह ने पवित्र घर – का'बा - को क़िबला (एक दिशा) बनाया है, जिसकी ओर मुसलमानों के दिल और शरीर इकट्ठा होते हैं, तथा सारे संसारों के लिए मार्गदर्शन और एक सुरक्षित व शांतिमय हरम बनाया है, जिसका सम्मान करने से लोगों का इस जीवन और परलोक में कल्याण होता है।

हर साल लाखों मुसलमान अपने साथ अपनी आशाओं, भावनाओं और इच्छाओं को लिए हुए पवित्र भूमि पर आते हैं, साथ ही इस बारे में अपने सवालों को भी लेकर आते हैं जो उनपर उनके धर्म के प्रति अनिवार्य है तथा अपनी इबादतों और मामलों के संबंध में जिस चीज़ के बार में उन्हें उलझाव और जटिलता एवं अस्पष्टता का सामना है।

इस दृष्टिकोण से, मस्जिदे-हराम की महिमामंडन करना और उसके लोगों और उसके आगंतुकों का आदर-सम्मान करना एक कर्तव्य और एक बड़ी जिम्मेदारी थी, जिसे "मस्जिदे-हराम एवं मस्जिदे-नबवी में धार्मिक मामलों के मुख्यालय'' को उठाने और उसे सर्वोत्तम तरीके से पूरा करने का सम्मान मिला।

"हरमैन-शरीफ़ैन के आगंतुकों के प्रकाशन" नामी यह परियोजना इस धन्य देश के लोगों और पवित्र घर की सेवा करने वालों की भावनाओं की एक सच्ची अभिव्यक्ति है जो वे परम दयालु (अल्लाह) के प्रतिनिधिमंडल के प्रति रखते हैं, तथा एक बहुमूल्य उपहार की प्रस्तुति है जिसे आगंतुक अपने साथ ले जाता है और अपने देश लौटने पर उस

पर गर्व करता है।

"मस्जिदे-हराम एवं मस्जिदे-नबवी में धार्मिक मामलों का मुख्यालय"- अपने परम दयालु (अल्लाह) के मेहमान भाइयों के हाथों में उम्रा की विधि, उसके अर्कान, वाजिबात और सुन्नतों तथा एहराम के निषेधों के वर्णन के साथ-साथ चुनिंदा दुआओं (ताकि मुसलमान अपने उम्रा के दौरान इसमें व्यस्त रहे) के उल्लेख पर आधारित यह गाइडबुक प्रस्तुत करते हुए – अपने मुसलमान भाइयों से यह आशा करता है कि वे अपने धर्म की समझ हासिल करें और अपने सर्वशक्तिमान प्रभु का शुक्रिया अदा करें, जिसने उनके लिए अपने महान घर की यात्रा करना तथा पूर्ण शांति और सहजता के साथ अपने अनुष्ठानों को पूरा करना आसान बनाया।

अल्लाह हमारे और आपके अच्छे कामों को स्वीकार करे। हर प्रकार की स्तुति सारे संसारों के पालनहार अल्लाह के लिए है, तथा अल्लाह हमारे नबी मुहम्मद, उनके परिवार और उनके साथियों पर दया व शांति की वर्षा करे।

मस्जिदे-हराम एवं मस्जिदे-नबवी में

धार्मिक मामलों का मुख्यालय

प्राक्कथन

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह के लिए योग्य है। हम उसी की प्रशंसा और गुणगान करते हैं, उसी से सहायता माँगते और उसी से क्षमा याचना करते हैं। हम अपनी आत्मा की बुराइयों और अपने दुष्कर्मों से अल्लाह की शरण लेते हैं। जिसे अल्लाह मार्गदर्शन प्रदान कर दे, उसे कोई पथभ्रष्ट नहीं कर सकता और जिसे वह पथभ्रष्ट कर दे, उसे कोई मार्ग दर्शाने वाला नहीं है। मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई सत्य पूज्य नहीं, वह अकेला है, उसका कोई साझी नहीं। तथा मैं गवाही देता हूँ कि मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) अल्लाह के बंदे और उसके रसूल हैं। अल्लाह उनपर दया और शांति अवतरित करे। इसके बाद :

"मस्जिदे-हराम एवं मस्जिदे-नबवी में धार्मिक मामलों के मुख्यालय'' की आगंतुकों के अनुभव को समृद्ध करने की इच्छा के चलते, तथा नेकी और धर्मपरायणता में सहयोग करने और धर्म के ज्ञान का प्रसार करने के लिए, उसकी इस पुस्तिका को प्रकाशित करने की चाहत हुई; ताकि यह आगंतुकों तथा उम्रा करने वालों के लिए अपने अनुष्ठानों को क़ुरआन और सुन्नत के प्रमाणों और विद्वानों के शब्दों के अनुसार अदा करने में सहायक हो। यह एक छोटी सी पत्रिका है, जो उम्रा की विधि और उसके नियमों के संबंध में बहुत लाभदायक है। तथा इस कारण कि उम्रा पूरे साल अनुमेय है, और इसके नियमों और विधि को जानने की आवश्यकता एक निरंतर और नित-नई आवश्यकता है। हज्ज के विपरीत, जिसका एक विशिष्ट समय और अवधि होती है। हमने इस पुस्तिका का प्रारंभ उम्रा की विधि के वर्णन से किया है, और इसके बाद

पवित्र क़ुरआन और प्रामाणिक सुन्नत की दुआओं का उल्लेख किया है।

हम अल्लाह से प्रार्थना करते हैं कि इस कार्य में बर्कत दे और इसे विशुद्ध रूप से अपने चेहरे के लिए बनाए और अपने मुसलमान बंदों के लिए इसे लाभकारी बनाए। तथा अल्लाह हमारे नबी मुहम्मद पर दया और शांति अवतरित करे।

मस्जिदे-हराम एवं मस्जिदे-नबवी में

धार्मिक मामलों का मुख्यालय

मीक़ात और एहराम

मीक़ात से अभिप्राय वह स्थान है जहाँ से उम्रा करने के इच्छुक व्यक्ति को एहराम बाँधना ज़रूरी होता है।

सुन्नत (हदीस) में कुछ स्थानों को निर्दिष्ट किया गया है जिनसे उम्रा करने का इरादा रखने वाले व्यक्ति को आगे बढ़ना जायज़ नहीं है, जब तक कि वह एहराम की हालत में न हो। वे पाँच मीक़ात हैं :

ज़ुल-हुलैफा : इसे अब 'अबयार अली' कहा जाता है। यह मदीना के लोगों और वहाँ से गुजरने वाले अन्य लोगों का मीक़ात है। यह मक्का से लगभग 420 किमी दूर है।

अल-जोह्फा : यह 'राबिग़' के पास एक गाँव है। यह शाम (लेवंत), मिस्र और मोरक्को के लोगों और यहाँ से गुज़रने वाले अन्य लोगों का मीक़ात है। यह मक्का अल-मुकर्रामा से लगभग 186 किमी दूर है। लोग राबिग़ से एहराम बाँधते हैं।

क़र्नुल-मनाज़िल : इसे 'अस-सैलुल-कबीर' कहा जाता है। यह नज्द के लोगों, ताइफ़ के लोगों और यहाँ से गुज़रने वाले अन्य लोगों का मीक़ात है। यह मक्का से लगभग 78 किमी दूर है, और इसके बराबर में 'वादी महरम' है। यह अल-हदा रोड की ओर से क़र्नुल-मनाज़िल का सबसे ऊँचा स्थान है। यह मक्का से लगभग 75 किमी दूर है।

यलम-लम : यह यमन के लोगों और यहाँ से गुज़रने वाले अन्य लोगों का मीक़ात है। यह मक्का से लगभग 120 किलोमीटर दूर है।

ज़ात-इर्क़ : इसे 'अज़-ज़रीबा' कहा जाता है। यह इराक़ के लोगों और

यहाँ से गुजरने वाले अन्य लोगों का मीक़ात है। यह मक्का से लगभग 100 किमी दूर है।

जो कोई भी इन मीक़ातों के अंदर रहता है, वह हज्ज और उम्रा के लिए अपने घर से ही एहराम बाँधेगा, परंतु जो मक्का में रहने वाला है वह उम्रा का एहराम बांधने के लिए हरम की सीमा से बाहर (हिल के क्षेत्र में) जाएगा। जहाँ तक हज्ज का मामला है, तो मक्का के लोग अपने घरों और अपने निवास स्थान से एहराम बाँधें गे।

चेतावनी

जो व्यक्ति हज्ज या उम्रा करने के इरादे से हवाई मार्ग से आता है, उसके लिए किसी मीक़ात के बराबर से गुज़रते समय विमान ही में एहराम बाँधना (उम्रा की नीयत करना) ज़रूरी है। उसके लिए जद्दा हवाई अड्डे पर उतरने तक एहराम बाँधने को विलंबित करना जायज़ नहीं है। क्योंकि जद्दा वहाँ के लोगों के अलावा किसी और का मीक़ात नहीं है।

यदि उसके पास एहराम का कपड़ा न हो; तो वह अपने पाजामे (पतलून) को पहने रहे और अपना कुर्ता (क़मीज़, शर्ट) उतारकर अपने दोनों कंधों और सीने पर डाल ले और एहराम बाँधने की नीयत कर ले। फिर जब वह हवाई अड्डे पर उतरे तो एहराम के कपड़े मिलने पर उसे पहन ले और अपने पाजामे (पतलून) को उतार दे।

जहाँ तक महिला का मामला है, तो उसके लिए एहराम के लिए कोई खास कपड़े नहीं हैं। इसलिए वह अपने (सामान्य) कपड़ों ही में विमान में एहराम बाँध लेगी। अगर वह बुर्का, या नक़ाब या दस्ताने पहनी हुई है, तो वह उसे उतार देगी और ग़ैर-महरम पुरुषों के सामने अपना चेहरा दुपट्टे से ढक लेगी।

उम्रा के अर्कान, वाजिबात और सुन्नतें

उम्रा के अर्कान (स्तंभ):

1. उम्रा के अनुष्ठान में दाखिल होने की नीयत करना, जिसे एहराम कहा जाता है।
2. काबा का तवाफ़ करना।
3. सफ़ा और मरवा के बीच सई करना।

- जिसने उम्रा के स्तंभों में से किसी स्तंभ को छोड़ दिया, तो उसका उम्रा तब तक सही नहीं है जब तक कि वह उसे शरई विधि के अनुसार कर नहीं लेता।

उम्रा के वाजिबात:

1. उस व्यक्ति के लिए मीक़ात से एहराम बाँधना जो उससे गुज़र रहा है। जिस व्यक्ति का स्थान मीक़ात से पीछे (अंदर) है, उसे वहीं से एहराम बाँधना होगा जहाँ से वह उम्रा प्रारंभ कर रहा है, जबकि मक्का वासी के लिए उम्रा के लिए हरम की सीमा के बाहर (हिल में) जाना आवश्यक है।
2. सिर के बाल मुँडाना या छोटे करवाना।

- जिसने उम्रा के वाजिबात में से किसी एक को छोड़ दिया, तो यदि उसने जानबूझकर ऐसा किया है, तो वह दोषी (पापी) है और उसपर फ़िद्या (छुड़ौती) अनिवार्य है। और यदि उसने जानबूझकर ऐसा नहीं किया है, तो उसपर केवल फिद्या (छुड़ौती) अनिवार्य है।

उम्रा की सुन्नतें:

- उम्रा के अर्कान और वाजिबात के अलावा जो कार्य हैं, वे सुन्नतों में से हैं, जैसे कि इज़्तिबा' और रमल करना।

- जिसने किसी सुन्नत को छोड़ दिया, उसपर कुछ भी अनिवार्य नहीं है, लेकिन वह फ़ज़ीलत से वंचित हो गया।

एहराम की अवस्था में निषिद्ध चीज़ें:

एहराम की अवस्था में निषिद्ध चीज़ों के तीन प्रकार हैं:

पहला : वे चीज़ें जो पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए निषिद्ध हैं:

1. एहराम में रहने वाले व्यक्ति के लिए उम्रा के अनुष्ठान में दाखिल होने की नीयत करने के बाद अपने बालों या नाखूनों में से कुछ भी काटना जायज़ नहीं है।
2. एहराम में रहने वाला व्यक्ति सभी प्रकार के सुगंध (इत्र) से दूर रहेगा।
3. दस्ताने पहनना जायज़ नहीं है।
4. मोहरिम (एहराम में रहने वाला व्यक्ति) विवाह का प्रस्ताव नहीं रखेगा, और न ही वह अपने लिए या किसी और के लिए विवाह का अनुबंध करेगा।
5. एहराम में रहने वाले व्यक्ति के लिए संभोग और उसके लिए प्रेरित करने वाले कारणों को करना हराम है।
6. एहराम में रहने वाला व्यक्ति जब तक एहराम की अवस्था में है, थल के जानवर का शिकार नहीं करेगा, न उसे बिदकाएगा और न उसमें किसी की मदद करेगा।

दूसरा : जो केवल पुरुषों के लिए निषिद्ध हैं, महिलाओं के लिए नहीं:

1. सिले हुए कपड़ों को उसी रूप में पहनना जायज़ नहीं है जिस रूप में उन्हें सिलवाया गया है।

2. सिर को उससे चिपकी (मिली) हुई किसी चीज़, जैसे पगड़ी या उसके जैसी किसी चीज़ से ढकना जायज़ नहीं है।

तीसरा : जो केवल महिलाओं के लिए निषिद्ध है, पुरुषों के लिए नहीं:

1. महिला के लिए बुर्के, नक़ाब या उनके जैसे किसी चीज़ से अपना चेहरा ढाँपना जायज़ नहीं है। परंतु उसे अजनबी (ग़ैर मह्रम) पुरुषों से अपना चेहरा दुपट्टे या ऐसे ही किसी अन्य चीज़ से ढाँपना चाहिए।

इनमें से किसी भी निषेध को करने वाले व्यक्ति पर निम्नलिखित नियम लागू होंगे :

- यदि उसने निषिद्ध कार्य अज्ञानता में, या भूलकर, या बाध्य किए जाने पर किया है, तो उसपर कोई पाप नहीं है और न कोई फिद्या अनिवार्य है।
- यदि उसने निषिद्ध काम किसी आवश्यकता के कारण किया है, तो उसके लिए ऐसा करना जायज़ है और उसपर फिद्या अनिवार्य है।
- यदि उसने निषिद्ध कार्य बिना किसी बहाने या आवश्यकता के किया है, तो वह पापी है और उसपर फिद्या अनिवार्य है।

फिद्या के एतिबार से एहराम की अवस्था में निषिद्ध चीज़ों के प्रकार:

पहला : बाल और नाखून काटने, इत्र लगाने, दस्ताने पहनने, पुरुष का सिले हुए कपड़े पहनने और अपना सिर ढकने, महिला के नक़ाब पहनने, वासना के साथ आलिंगन करने के संबंध में। इनमें से प्रत्येक निषेध में उसके पास तीन चीज़ों में से किसी को चयन करने का विकल्प है:

1. लगातार या अलग-अलग तीन दिनों के रोज़े रखना।

2. या छह गरीबों को खाना खिलाना, प्रत्येक गरीब व्यक्ति के लिए आधा सा' भोजन, जैसे खजूर, या चावल, या इनके अलावा कुछ और।

3. या एक बकरी ज़बह करना और उसे हरम के गरीबों में वितरित कर देना।

दूसरा : जिसने उम्रा के वाजिबात में से किसी वाजिब को छोड़ दिया, जैसे कि मीक़ात से एहराम बाँधना, तो उसपर एक फिद्या ज़बह करना अनिवार्य है, जिससे अभिप्राय वह नर या मादा भेड़ या बकरी है जो क़ुर्बानी में पर्याप्त हो। वह सारा मांस हरम के गरीबों में बांट देगा और स्वयं उसमें से कुछ भी नहीं खाएगा।

तीसरा : संभोग का फ़िद्या : जिस व्यक्ति ने सई से पहले संभोग कर लिया, तो उसका उम्रा भ्रष्ट हो गया, और उसपर उसे पूरा करना, फिर उसकी क़ज़ा करना अनिवार्य है। तथा उसपर एक फिदया ज़बह करना भी अनिवार्य है। यदि वह नहीं पाता है, तो वह दस दिन रोज़े रखेगा।

तथा जिस व्यक्ति ने सई के बाद और सिर के बाल मुँडाने या काटने से पहले संभोग किया है, तो उसका उम्रा भ्रष्ट नहीं होगा, परंतु उसपर फ़िद्या ज़बह करना अनिवार्य है। यदि वह नहीं पाता है, तो वह दस दिन रोज़े रखेगा।

चौथा: शिकार किए हुए जानवर का बदला, और इसकी दो स्थितियाँ हैं:

- यदि शिकार किए हुए जानवर का उसके समान कोई जानवर है, तो उसे तीन चीजों के बीच विकल्प दिया जाएगा :

1. या तो वह उसी समान जानवर को ज़बह करे, फिर उसे हरम में गरीबों और मिसकीनों के बीच वितरित कर दे।

2. या वह इस समान जानवर के मूल्य को देखे, फिर उस (मूल्य) के द्वारा भोजन खरीदकर उसे गरीबों में वितरित कर दे, प्रत्येक गरीब व्यक्ति के लिए आधा सा' भोजन।

3. या वह हर गरीब व्यक्ति को खाना खिलाने के बदले एक दिन का रोज़ा रखे।

- यदि जिसका शिकार किए गया है उसके समान कोई जानवर नहीं है, जैसे उदाहरण के लिए टिड्डियाँ, तो उसे दो चीजों के बीच विकल्प दिया जाएगा :

क- उसे मारे गए शिकार के मूल्य को देखना चाहिए, और उसके बराबर खाद्यान्न निकालकर उसे गरीबों को वितरित कर देना चाहिए, प्रत्येक गरीब व्यक्ति को आधा सा' देना चाहिए।

ख- या वह हर गरीब व्यक्ति को खाना खिलाने के बदले एक दिन का रोज़ा रखे।

उम्रा की विधि

जब उम्रा करने का इरादा रखने वाला व्यक्ति मीक़ात पर पहुँचे:

- उसके लिए एहराम बाँधने से पहले ग़ुस्ल करना और सुगंध (इत्र) लगाना मुस्तहब है।
- पुरुष को एक तहबंद और एक चादर पहनना चाहिए, और मुस्तहब यह है कि वे दोनों सफेद और साफ़-सुथरे हों।
- जहाँ तक महिला का संबंध है, तो वह अपनी इच्छानुसार किसी भी ढकने वाले कपड़े में एहराम बाँध सकती है, लेकिन वह नकाब और दस्ताने नहीं पहनेगी।
- वह अपने दिल में उम्रा के अनुष्ठान में प्रवेश करने का इरादा करे। उसके लिए उसका उच्चारण करना धर्मसंगत है जो उसने इरादा किया है, इसलिए वह कहेगा : "लब्बैका उम्रह" (मैं उम्रा के लिए हाज़िर हूँ) या "अल्लाहुम्मा लब्बैका उम्रह'' (ऐ अल्लाह, मैं उम्रा के लिए हाज़िर हूँ)।
- यदि एहराम बाँधने वाले को डर हो कि वह अपना अनुष्ठान पूरा नहीं कर पाएगा - क्योंकि वह बीमार है या किसी दुश्मन से डर रहा है या ऐसा ही कुछ और कारण है -; तो उसके लिए मुस्तहब है कि वह एहराम बाँधते समय यह कहे: «إِنْ حَبَسَنِيْ حَابِسٌ فَمَحِلِّيْ حَيْثُ حَبَسْتَنِيْ» "इन ह-ब-सनी हाबिसुन फ-महिल्ली हैसो हबस्तनी" (यदि मुझे कोई रुकावट पेश आ गई, तो मैं वहीं हलाल हो जाऊँगा जहाँ तू मुझे रोक दे।) इस शर्त का लाभ : यह है कि यदि मोहरिम व्यक्ति के साथ कुछ ऐसा घटित हो जाता है जो उसे अपने अनुष्ठानों को पूरा करने से रोक

देता है - जैसे बीमारी या कोई दुश्मन -; तो वह अपने एहराम से बाहर निकल सकता है और उसपर कोई भी चीज़ अनिवार्य नहीं होगी।

- मक्का के रास्ते में अधिकाधिक तल्बिया पढ़ना और उसके साथ अपनी आवाज़ बुलंद करना मुस्तहब (वांछनीय) है।

मस्जिदे-हराम में प्रवेश करने पर उम्रा करने वाला क्या करेगा:

- जब वह मस्जिदे-हराम में पहुँचे, तो प्रवेश करते समय उसे अपना दाहिना पैर पहले रखना चाहिए और यह पढ़ना चाहिए: "बिस्मिल्लाह, वस्सलातु वस्सलामु अला रसूलिल्लाह" (मैं अल्लाह के नाम से -प्रवेश करता हूँ - तथा दुरूद व सलाम हो अल्लाह के रसूल पर)। इसे इब्ने माजा ने रिवायत किया है। ''अऊज़ो बिल्लाहिल अज़ीम, व बि-वज्हेहिल करीम, व-सुल्तानिहिल क़दीम, मिनश्शैतानिर्रजीम।" (मैं महान अल्लाह, उसके दानशील चेहरे और उसके प्राचीन राज्य की शरण में आता हूँ शापित शैतान से). इसे अबू दाऊद ने रिवायत किया है। ''अल्लाहुम्मफ-तह् ली अब्वाबा रहमतिक'' (ऐ अल्लाह! तू मेरे लिए अपनी दया के द्वार खोल दे।)" इसे मुस्लिम ने रिवायत किया है।
- वह तवाफ़ शुरू करने के लिए 'हज्रे-अस्वद' (काले पत्थर) के पास आएगा। वह अपने दाहिने हाथ से पत्थर को छुएगा और उसे चुंबन करेगा यदि उसके लिए ऐसा करना आसान है। यदि वह ऐसा करने में सक्षम नहीं है, तो वह अपने हाथ को चूमेगा यदि उसने अपने हाथ से उसे छुआ है। यदि वह उसे अपने हाथ से नहीं छू सका है, तो वह हज्रे-अस्वद की ओर मुँह करेगा और उसकी ओर अपने हाथ से संकेत करेगा और ''अल्लाहु अकबर'' कहेगा। लेकिन अपने हाथ

को नहीं चूमेगा। बेहतर यह है कि वह भीड़ न लगाए कि लोगों को कष्ट पहुँचाए और सव्यं कष्ट उठाए।

- हज्रे-अस्वद को छूते समय ''बिस्मिल्लाह, अल्लाहु अकबर'' कहे।
- फिर वह उसके दाईं ओर जाए और काबा को अपने बाईं ओर रखते हुए परिक्रमा करे। जब वह रुक्ने-यमानी (यमन की दिशा वाले कोने) पर पहुँचे, तो वह उसे चूमे बिना छूए। (यदि न छू सके तो) उसकी ओर इशारा न करे, न ही ''अल्लाहु अकबर'' कहे। तथा उसपर भीड़ न लगाए। दोनों कोनों के बीच वह दुआ पढ़े जो अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से सिद्ध है: ﴿رَبَّنَآ ءَاتِنَا فِي ٱلدُّنۡيَا حَسَنَةٗ وَفِي ٱلۡأٓخِرَةِ حَسَنَةٗ وَقِنَا عَذَابَ ٱلنَّارِ﴾ "रब्बना आतिना फिद्दुन्या हसनतन, व फिल-आख़िरति हसनतन, व-क़िना अज़ाबन्नार" (ऐ हमारे पालनहार! हमें दुनिया में भलाई प्रदान कर और आख़िरत में भी भलाई प्रदान कर और हमें नरक की यातना से सुरक्षित रख।) [सूरतुल बक़रा: 201].
- "इज़्तिबा''' तवाफ़ की शुरुआत से उसके अंत तक है। इज़्तिबा' की विधि यह है कि : वह अपने दाहिने कंधे को खोल ले। जब वह तवाफ से फारिग़ हो जाए, तो अपने दोनों कंधों को ढक ले।
- 'रमल' केवल पहले तीन चक्करों में करना है। रमल : छोट-छोटे पगों के साथ तेज़ी से चलने को कहते हैं।
- जब वह तवाफ़ के सात चक्कर पूरे कर ले, तो यदि उसके लिए आसान हो तो वह मक़ामे-इबराहीम के पास जाए और दो रकअत नमाज़ अदा करे, पहली रकअत में सूरतुल-फातिहा और सूरतुल-काफिरुन पढ़े, तथा दूसरी में सूरतुल-फातिहा और सूरतुल-इख़लास पढ़े।

- फिर, जब वह नमाज़ से फारिग़ हो जाए, तो उसके लिए यह मुस्तहब है कि यदि वह सक्षम हो तो ज़मज़म का पानी पिए, फिर हज्रे-अस्वद के पास जाए और हो सके तो उसे चूमे या स्पर्श करे।।
- फिर वह सफ़ा (पहाड़ी) के पास जाए और जब वह उसके पास पहुँचे, तो यह पढ़े : ﴿إِنَّ ٱلصَّفَا وَٱلۡمَرۡوَةَ مِن شَعَآئِرِ ٱللَّهِۖ فَمَنۡ حَجَّ ٱلۡبَيۡتَ أَوِ ٱعۡتَمَرَ فَلَا جُنَاحَ عَلَيۡهِ أَن يَطَّوَّفَ بِهِمَاۚ وَمَن تَطَوَّعَ خَيۡرٗا فَإِنَّ ٱللَّهَ شَاكِرٌ عَلِيمٌ﴾ "निःसंदेह सफ़ा और मरवा अल्लाह की निशानियों में से हैं। अतः जो कोई इस घर का हज्ज करे या उम्रा करे, तो उसपर कोई दोष नहीं कि इन दोनों का तवाफ़ करे। और जो कोई स्वेच्छा से भलाई का कार्य करे, तो निःसंदेह अल्लाह (उसकी) क़द्र करने वाला, सब कुछ जानने वाला है।" [सूरतुल बक़रह : 158], वह इस आयत को सफा के पास पहुँचकर, पहाड़ पर चढ़ने से पहले पढ़ेगा, तथा वह इसे केवल इसी स्थान पर और सिर्फ़ पहले चक्कर की शुरुआत में पढ़ेगा, इसे वह हर चक्कर में नहीं दोहराएगा।।
- फिर वह सफ़ा पर चढ़ जाए यहाँ तक कि वह काबा को देख ले, फिर वह उसकी ओर अपना मुँह करे और ''अल्लाहु अक्बर'' (अल्लाह सबसे बड़ा है) कहे। तथा अपने दोनों हाथ उठाकर अल्लाह की प्रशंसा करे और उससे दुआ करे। नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से यह दुआ वर्णित है: «لاَ إِلَـهَ إِلاَّ اللـهُ وَحْـدَهُ لاَ شَرِيْـكَ لَـهُ، لَـهُ الْمُلْـكُ وَلَـهُ الْحَمْـدُ، وَهُـوَ عَـلَى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْـرٍ. لاَ إِلَـهَ إِلاَّ اللـهُ وَحْـدَهُ، أَنْجَـزَ وَعْـدَهُ، وَنَـصَرَ عَبْـدَهُ، وَهَـزَمَ الأَحْـزَابَ وَحْـدَهُ» "ला इलाहा इल्लल्लाह, वह्दहू ला शरीका लह, लहुल-मुल्को व लहुल-ह़म्द, व हुआ अला कुल्लि शैइन क़दीर। ला इलाहा इल्लल्लाहु वह्दहू, अन्जज़ा वा'दहू, व न-स-रा अब्दहू , व ह-ज़-मल अह्ज़ाबा वह्दहू" (अल्लाह के सिवा कोई सच्चा पूज्य

नहीं। वह अकेला है, उसका कोई साझी नहीं। उसी के लिए प्रभुत्व है, और उसी के लिए हर प्रकार की प्रशंसा है। और वह हर चीज़ पर सर्वशक्तिमान है। अल्लाह के अतिरिक्त कोई उपासना के योग्य नहीं, वह अकेला है, उसने अपना वचन पूरा किया और अपने बंदे की सहायता की और अकेले ही सारे जत्थों को पराजित किया।) वह इस दुआ को तीन बार दोहराए और इसके बीच जो चाहे दुआ करे।

- फिर वह सफा से उतरकर मरवा की ओर जाए और सामान्य गति से चलते हुए, अल्लाह के ज़िक्र में व्यस्त रहे और जितना हो सके - अपने लिए तथा अपने परिवार और अपने प्रियजनों के लिए – दुआ करता रहे, यहाँ तक कि वह हरे निशान (ग्रीन लाइट) की शुरुआत तक पहुँच जाए। फिर वह जितना हो सके तेजी से दौड़े, यहाँ तक कि वह दूसरे हरे निशान (ग्रीन लाइट) तक पहुँच जाए। फिर वह सामान्य गति से चले और तब तक चलता रहता है जब तक कि वह मरवा पर न पहुँच जाए। जब वह मरवा पर पहुँच जाए और उसपर चढ़ जाए, तो वह क़िबला की ओर मुँह करके वही दुआएँ पढ़े जो उसने सफ़ा पर पढ़ी थीं।
- इस तरह वह सात चक्कर सई करे, सफ़ा से मरवा तक एक चक्कर और मरवा से सफ़ा तक दूसरा चक्कर होगा। जब वह दो हरे निशानों के बीच पहुँचे, तो वह अपने आस-पास के लोगों को कष्ट पहुँचाए बिना दौड़े। इसी तरह करते हुए वह सात चक्कर पूरे करे।
- फिर वह अपने सिर के बाल मुंडवाए, या छोटे करवाए, जबकि महिला अपने बालों को इकट्ठा करके उससे उंगली के एक पोर के बराबर काट ले।
- इन कार्यों के साथ, उम्रा पूरा हो गया और एहराम के कारण जो कुछ उसपर हराम हो गया था, उसके लिए हलाल हो गया।

अल्लाह तआला हमारे नबी मुहम्मद, आपके परिवार और आपके सभी साथियों पर दया एवं शांति अवतरित करे।

चुनिंदा दुआएँ

- اللَّهـمَّ لـكَ الحمـدُ، حمـدًا كثـيرًا طيِّبًـا مبـاركًا فيـه، كـما تُحـبُّ ربَّنـا وتـرضى، حمـدًا لا ينقطـعُ ولا يَبِيـدُ، ولا يفنـى، مِـلْءَ سـماواتِكَ، ومِـلءَ أرضِـكَ، ومِـلْءَ مـا شـئتَ مـن شيءٍ بعـدُ، عـددَ مـا حمِـدَكَ الحامـدونَ، وعـددَ مـا غفـلَ عـن ذكـركَ الغافلـونَ، والصَّـلاةُ والسَّـلامُ عـلى عبـدِكَ ورسـولِكَ محمَّـدٍ، خاتـمِ أنبيائِـكَ ورُسُـلِكَ، وخيرتِـكَ مـن خلقِـكَ، وأمينِـكَ عـلى وحيِـكَ، وعـلى آلِـهِ، وصحبِـهِ أجمعـينَ.

ऐ अल्लाह! हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल तेरे लिए है, बहुत अधिक, पवित्र और धन्य प्रशंसा, जैसा कि ऐ हमारे पालनहार! तू चाहता और पसंद करता है। ऐसी प्रशंसा जिसका सिलसिला बंद नहीं होता, तथा जो समाप्त और नष्ट नहीं होती। तेरे आकाशों भर, तेरी पृथ्वी भर और उस चीज़ के भर जो तू उसके बाद चाहे, उन लोगों की संख्या के बराबर जो तेरी प्रशंसा करते हैं, तथा उन लोगों की संख्या के बराबर जो तेरे स्मरण से गाफिल रहते हैं। तथा दया और शांति अवतरित तेरे सेवक और रसूल मुहम्मद पर, जो तेरे नबियों और रसूलों की मुहर, तेरी सृष्टि में सबसे श्रेष्ठ और तेरी वह्य के अमीन (संरक्षक) हैं, तथा उनके परिवार और उनके सभी साथियों पर।

- اللَّهـمَّ لـكَ الحمـدُ، أنـتَ نـورُ السَّـماواتِ والأرضِ ومـن فيهـنَّ، ولـكَ الحمـدُ، أنـتَ قيُّـومُ السَّـماواتِ والأرضِ ومَـنْ فيهـنَّ، ولـكَ الحمـدُ، أنـتَ الحـقُّ، ووعـدُكَ حـقٌّ، وقولُـكَ حـقٌّ، ولقـاؤُك حـقٌّ، والجنَّـةُ حـقٌّ، والنَّـارُ حـقٌّ، والسَّـاعةُ حـقٌّ، والنَّبيُّـونَ حـقٌّ، ومحمَّـدٌ ﷺ حـقٌّ.

"अल्लाहुम्मा लकल ह़म्दु, अन्ता नुरुस-समावाति वल-अर्ज़ि व मन फीहिन्ना, व लकल ह़म्दु अन्ता क़य्यूमुस-समावाति वल-अर्ज़ि व मन् फीहिन्ना, व लकल ह़म्दु अन्तल-हक़्क़ु, व वा'दुका हक़्क़ुन, व क़ौलुका

हक़्क़ुन, व लिक़ाउका हक़्क़ुन, वल-जन्नतु हक़्क़ुन, वन्नारु हक़्क़ुन, वस्साअतु हक़्क़ुन, वन्-नबिय्यूना हक़्क़ुन, व मुहम्मदुन सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम हक़्क़ुन।" (ऐ अल्लाह! तेरे ही लिए सब प्रशंसा है, तू ही आकाशों और धरती का प्रकाश है और उनका भी (प्रकाश है) जो उनमें हैं। और तेरे ही लिए सब प्रशंसा है तू ही आकाशों और धरती का थामने वाला है। और तेरे ही लिए सब प्रशंसा है, तू सत्य है, तेरा वादा सत्य है, तोरी बात सत्य है, तेरी मुलाक़ात सत्य है, जन्नत सत्य है, जहन्नम सत्य है, क़ियामत सत्य है, सब नबी सत्य हैं और मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम सत्य हैं।)

- اللَّهـمَّ لـكَ أسـلمتُ، وعليـكَ توكَّـلتُ، وبـكَ آمنـتُ، وإليـكَ أنبـتُ، وبـكَ خاصمـتُ، وإليـكَ حاكمـتُ، فاغفِـرْ لي مـا قدَّمـتُ ومـا أخَّـرتُ، ومـا أسررتُ ومـا أعلنـتُ، أنـتَ المقـدِّمُ، وأنـتَ المؤخِّـرُ، لا إلـه إلَّا أنـتَ، ولا حـولَ ولا قـوَّةَ إلَّا باللـهِ العـليِّ العظيـمِ.

"अल्लाहुम्मा लका अस्लमतु, व-अलैका तवक्कलतु, व-बिका आमन्तु, व-इलैका अनब्तु, व-बिका ख़ासम्तु, व-इलैका ह़ाकम्तु, फ़ग़्फ़िरली मा क़द्दम्तु वमा अख़्खरतु, वमा असरर्तु वमा आलन्तु, अन्तल मुक़द्दिमु, व अन्तल मुअख़्ख़िरु, ला इलाहा इल्ला अन्ता, वला हौला वला क़ुव्वता इल्ला बिल्लाहिल अलिय्यिल अज़ीम।" (ऐ अल्लाह! मैं तेरे लिए मुसलमान (आज्ञाकारी) हुआ, और तुझी पर मैंने भरोसा किया और तुझी पर मैं ईमान लाया, और तेरी ही तरफ़ लौटा, और तेरी ही ओर मैं अपना झगड़ा लेकर गया, और तेरी ही ओर निर्णय के लिए गया। इसलिए मेरा वह गुनाह बख़्श दे जो मैंने पहले किया और जो पीछे किया और जो मैंने छिपा कर किया और जो मैंने ज़ाहिर में किया। तू ही आगे करने वाला और तू ही पीछे रखने वाला है। तेरे सिवा कोई सच्चा

पूज्य नहीं। तथा सर्वोच्च और महान अल्लाह की तौफीक़ के बिना न बुराई से बचने की शक्ति है और न नेकी करने की ताक़त।)

- اللَّهمَّ آتِ نفسي تقواها، وزكِّها أنتَ خيرُ من زكَّاها، أنتَ وليُّها ومَوْلاها.

''अल्लाहुम्मा आति नफ़्सी तक़्वाहा, व ज़क्किहा अन्ता ख़ैरु मन् ज़क्काहा, अन्ता वलिय्युहा व मौलाहा'' (ऐ अल्लाह! मेरी आत्मा को परहेज़गारी प्रदान कर और उसे पवित्र कर दे, तू ही उसको बेहतर पवित्र करने वाला है, तू ही उसका संरक्षक और स्वामी है।)

- اللَّهـمَّ إنِّي أعـوذُ بـكَ مـن علـمٍ لا ينفـعُ، ومـن قلـبٍ لا يخشـعُ، ومـن نفسٍ لا تشـبعُ، ومـن دعـوةٍ لا يُسـتَجابُ لها.

अल्लाहुम्मा इन्नी अऊज़ो बिका मिन् इल्मिन ला यन्फ़ओ, व मिन क़ल्बिन ला यख़्शओ, व मिन नफ़्सिन ला तश्बओ, व मिन दा'वतिन ला युस्तजाबु लहा'' (ऐ अल्लाह! मैं तेरी शरण चाहता हूँ ऐसे ज्ञान से जो उपयोगी नहीं है, और ऐसे दिल से जो डरता नहीं है, और ऐसी आत्मा से जो संतुष्ट नहीं होती है और ऐसी दुआ से जो क़बूल नहीं की जाती।)

- اللَّهـمَّ إنِّي أسـألُكَ بـأنَّ لـكَ الحمـدَ، لا إلـهَ إلَّا أنـتَ، بديـعَ السَّـماواتِ والأرضِ، يـا ذا الجـلالِ والإكـرامِ، يـا حـيُّ يـا قيُّـومُ، أن تغفـرَ لي وترحمَنـي، وإذا أردتَ بقـومٍ فتنـةً فاقبضْنـي إليـكَ غـيرَ مفتـونٍ.

"अल्लाहुम्मा इन्नी अस्अलुका बि-अन्ना लकल ह़म्दु, ला इलाहा इल्ला अन्त, बदीउस्समावाति वल-अर्ज़ि, या ज़ल-जलालि वल-इकरामि, या ह़य्यु या क़य्यूमु, अन् तग़फ़िरा ली व-तर-ह-मनी, व-इज़ा अरद्ता फ़ित्नतन फ़ी क़ौमिन फ़-तवफ़्फ़नी ग़ैरा मफ़्तूनिन," (ऐ अल्लाह! मैं तुझसे माँगता हूँ इस बात के हवाले से कि हर प्रकार की प्रशंसा तेरे ही लिए है, तेरे सिवा कोई इबादत के योग्य नहीं, तू आकाशों तथा धरती

को बिना पूर्व उदाहरण के बनाने वाला है, ऐ महिमा और सम्मान वाले! ऐ परम जीवित! ऐ सब कुछ थामने वाले, यह कि तू मुझे क्षमा कर दे और मुझ पर दया कर, और जब किसी समुदाय को परीक्षा में डालना चाहे, तो मुझे परीक्षा में डाले बिना मृत्यु दे दे।)

﴿رَبَّنَآ ءَاتِنَا فِي ٱلدُّنۡيَا حَسَنَةٗ وَفِي ٱلۡأٓخِرَةِ حَسَنَةٗ وَقِنَا عَذَابَ ٱلنَّارِ﴾ [البقرة: ٢٠١].

“रब्बना आतिना फिद्दुन्या हसनतन, व फिल-आख़िरति हसनतन, व-क़िना अज़ाबन्नार” (ऐ हमारे पालनहार! हमें दुनिया में भलाई प्रदान कर और आख़िरत में भी भलाई प्रदान कर और हमें नरक की यातना से सुरक्षित रख।)

﴿رَبَّنَآ ءَامَنَّا فَٱغۡفِرۡ لَنَا وَٱرۡحَمۡنَا وَأَنتَ خَيۡرُ ٱلرَّٰحِمِينَ﴾ [المؤمنون: ١٠٩].

‘‘रब्बना आमन्ना, फ़ग़्फ़िर लना वर-हम्ना, व अन्ता ख़ैरुल-ग़ाफिरीन’’ (ऐ हमारे पालनहार! हम ईमान ले आए। अतः तू हमें क्षमा कर दे और हमपर दया कर। और तू सब दया करने वालों से बेहतर है।)

﴿رَبَّنَا لَا تُزِغۡ قُلُوبَنَا بَعۡدَ إِذۡ هَدَيۡتَنَا وَهَبۡ لَنَا مِن لَّدُنكَ رَحۡمَةً إِنَّكَ أَنتَ ٱلۡوَهَّابُ﴾ [آل عمران: ٨].

“रब्बना ला तुज़िग़ क़ुलूबना बा’दा इज़् हदैतना व-हब् लना मिन् लदुन्का रह़मतन इन्नका अन्तल-वह्हाब्” (ऐ हमारे पालनहार! हमारे दिलों को (सत्य से) विचलित न कर, इसके बाद कि तूने हमें मार्गदर्शन प्रदान किया और हमें अपने पास से दया प्रदान कर। निःसंदेह तू महान दाता है।)

﴿رَبَّنَا لَا تُؤَاخِذۡنَآ إِن نَّسِينَآ أَوۡ أَخۡطَأۡنَاۚ رَبَّنَا وَلَا تَحۡمِلۡ عَلَيۡنَآ إِصۡرٗا كَمَا حَمَلۡتَهُۥ عَلَى ٱلَّذِينَ مِن قَبۡلِنَاۚ رَبَّنَا وَلَا تُحَمِّلۡنَا مَا لَا طَاقَةَ لَنَا بِهِۦۖ وَٱعۡفُ عَنَّا وَٱغۡفِرۡ لَنَا وَٱرۡحَمۡنَآۚ أَنتَ مَوۡلَىٰنَا فَٱنصُرۡنَا عَلَى ٱلۡقَوۡمِ ٱلۡكَٰفِرِينَ﴾ [البقرة: ٢٨٦].

''रब्बना ला तुवाख़िज़्ना इन् नसीना अव अख़्ता'ना, रब्बना वला तहमिल अलैना इस्रन कमा ह़मल्तहू अलल-लज़ीना मिन् क़बलिना, रब्बना वला तुह़म्मिलना मा ला ताक़ता लना बिहि, वा'फ़ु अन्ना वग़्-फ़िर लना वर-ह़म्ना, अन्ता मौलाना, फ़न्सुर्ना अलल-क़ौमिल काफ़िरीन'' (ऐ हमारे पालनहार! हमारी पकड़ न कर यदि हम भूल जाएँ या हमसे चूक हो जाए। ऐ हमारे पालनहार! और हमपर कोई भारी बोझ न डाल, जैसे तूने उसे उन लोगों पर डाला जो हमसे पहले थे। ऐ हमारे पालनहार! और हमसे वह चीज़ न उठवा जिस (के उठाने) की हम में शक्ति न हो। तथा हमें माफ़ कर और हमें क्षमा कर दे और हमपर दया कर। तू ही हमारा स्वामी (संरक्षक) है, इसलिए काफ़िरों के मुक़ाबले में हमारी मदद कर।)

﴿رَبِّ ٱجۡعَلۡنِي مُقِيمَ ٱلصَّلَوٰةِ وَمِن ذُرِّيَّتِيۚ رَبَّنَا وَتَقَبَّلۡ دُعَآءِ ۝٤٠ رَبَّنَا ٱغۡفِرۡ لِي وَلِوَٰلِدَيَّ وَلِلۡمُؤۡمِنِينَ يَوۡمَ يَقُومُ ٱلۡحِسَابُ﴾ [إبراهيم: ٤٠-٤١]..

''रब्बिज्-अल्नी मुक़ीमस्सलाति व-मिन् ज़ुर्रिय्यती रब्बना व-तक़ब्बल दुआ, रब्बनग़्-फिर्ली वलि-वालिदय्या वलिल-मू'मिनीना यौमा यक़ूमुल-हिसाब'' (ऐ मेरे पालनहार! मुझे नमाज़ क़ायम करने वाला बना तथा मेरी संतान में से भी। ऐ हमारे पालनहर! और मेरी दुआ स्वीकार कर। ऐ हमारे पालनहार! मुझे क्षमा कर दे तथा मेरे माता-पिता को और ईमान वालों को, जिस दिन हिसाब लिया जाएगा।

﴿رَبَّنَا هَبۡ لَنَا مِنۡ أَزۡوَٰجِنَا وَذُرِّيَّٰتِنَا قُرَّةَ أَعۡيُنٖ وَٱجۡعَلۡنَا لِلۡمُتَّقِينَ إِمَامًا﴾ [الفرقان: ٧٤].

''रब्बना हब् लना मिन् अज़्वाजिना व-ज़ुर्रिय्यातिना क़ुर्रता आ'युनिन वज्-अल्ना लिल्मुत्तक़ीना इमामा'' (ऐ हमारे पालनहार! हमें हमारी पत्नियों और हमारी संतान से आँखों की ठंडक प्रदान कर और हमें परहेज़गारों का नायक बना दे।)

﴿رَبَّنَآ ءَاتِنَا مِن لَّدُنكَ رَحۡمَةٗ وَهَيِّئۡ لَنَا مِنۡ أَمۡرِنَا رَشَدٗا﴾ [الكهف: ١٠].

रब्बना आतिना मिन् लदुन्का रह्मतन व-हय्यि' लना मिन् अम्रिना रशदा" (ऐ हमारे पालनहार! हमें अपने पास से दया प्रदान कर और हमारे लिए हमारे मामले में मार्गदर्शन (सीधे रास्ते पर चलने) को आसान कर दे।)

﴿رَبَّنَا وَءَاتِنَا مَا وَعَدتَّنَا عَلَىٰ رُسُلِكَ وَلَا تُخۡزِنَا يَوۡمَ ٱلۡقِيَٰمَةِۗ إِنَّكَ لَا تُخۡلِفُ ٱلۡمِيعَادَ﴾

[آل عمران: ١٩٤].

"रब्बना व आतिना मा वअद्तना अला रुसुलिक, वला तुख़ज़िना यौमल क़ियामह, इन्नका ला तुख़लिफ़ुल मीआद" (ऐ हमारे पालनहार! और हमें वह चीज़ प्रदान कर जिसका तूने अपने रसूलों के द्वारा हमसे वादा किया है तथा क़ियामत के दिन हमें अपमानित न कर। वास्तव में, तू अपने वादे के विरुद्ध नहीं करता है।)

- اللَّهمَّ إنِّي أسألُكَ الهُدى، والتُّقى، والعفافَ، والغنى.

"अल्लाहुम्मा इन्नी अस्अलुकल-हुदा वत्तुक़ा, वल-अफ़ाफ़ा वल-ग़िना" (ऐ अल्लाह! मैं तुझसे मार्गदर्शन, परहेज़गारी, हराम से पवित्रता और (अल्लाह के अलावा से) बेनियाज़ी माँगता हूँ।)

- اللَّهمَّ اقسِمْ لي من خشيتِكَ ما تحولُ بهِ بيني وبينَ معصيتِكَ، ومِنْ طاعتِكَ ما تُبلِّغني به جنَّتَكَ، ومن اليقينِ ما تُهوِّنُ بهِ عليَّ مصائبَ الدُّنيا، ومتِّعني بسمعي، وبصري، وقوَّتي أبدًا ما أبقيتَني، واجعلْهُ الوارثَ منِّي، واجعَلْ ثأري على مَنْ ظلمني، وانصُرْني على من عاداني، ولا تجعَلْ مصيبتي في ديني، ولا تجعَلِ الدُّنيا أكبرَ همِّي، ولا مبلغَ علمي، ولا إلى النَّارِ مصيري، واجعلِ الجنَّةَ هي داري، ولا تُسلِّطْ عليَّ بذنوبي من لا يخافُكَ، ولا يرحمُني، برحمتِك يا أرحمَ الرَّاحمينَ.

अल्लाहुम्मक़्-सिम् ली मिन् ख़श्यतिका मा तहूलो बिही बैनी व बैना मा'सियतिका, वमिन् ताअतिका मा तुबल्लिग़ुनी बिही जन्नतका, व-मिनल-यक़ीनि मा तुहव्विनो बिही अलैया मसाईबद्दुन्या, व मत्ते'नी बि-सम्ई, व बसरी, व क़ुव्वती अबदन मा अब्क़ैतनी, वज्-अल्हुल-वारिसा मिन्नी, वज्-अल सा'री अला मन् ज़-ल-मनी, वन्सुर्नी अला मन आदानी, वला तज्-अल मुसीबती फी दीनी, वला तज्-अलिद्दुन्या अक्बरा हम्मी, वला मब्लग़ा इल्मी, वला इलन्नारि मसीरी, वज्अलिल-जन्नता हिया दारी, वला तुसल्लित् अलैया बि-ज़ुनूबी मन् ला यख़ाफ़ुका वला यर्-हमुनी, बि-रहमतिका या अर्हमर्राहिमीन" (ऐ अल्लाह! तू मुझे अपने डर का इतना अंश प्रदान कर, जो मेरे और तेरी अवज्ञाओं के बीच बाधा बन जाए, और अपनी आज्ञाकारिता का इतना हिस्सा प्रदान कर जिसके द्वारा तू मुझे अपनी जन्नत तक पहुँचा दे, और मुझे इतना यक़ीन (दृढ़ विश्वास) प्रदान कर जिससे तू मुझपर दुनिया की विपत्तियों को आसान कर दे। ऐ अल्लाह! तू जब तक मुझे जीवित रख, मुझे अपने कान, अपनी आँख और अपनी शक्ति से लाभ उठाने का सामर्थ्य प्रदान कर, और इस (लाभ उठाने) को मेरा वारिस (अर्थात् मेरी मृत्यु के बाद तक बाक़ी रहने वाला) बना, और मेरा बदला (प्रतिशोध) उसी से ले जो मुझपर अत्याचार करे, और जो मुझसे दुश्मनी करे उसपर मुझे विजय प्रदान कर, और मेरी विपत्ति (दुर्भाग्य) मेरे धर्म में न बना, और दुनिया को मेरी सबसे बड़ी चिंता और मेरे ज्ञान का अंत (लक्ष्य) और नरक की ओर मेरा ठिकाना न बना, (बल्कि) जन्नत ही मेरा ठिकाना बना और मेरे पापों के कारण मुझपर किसी ऐसे व्यक्ति को प्रभुत्व प्रदान न कर, जो न तुझसे डरे और न मुझपर दया करे।)

- اللَّهـمَّ إنِّي أعـوذُ بعزَّتِـكَ -لا إلـهَ إلَّا أنـتَ- أن تُضلَّنـي، أنـتَ الحـيُّ الَّـذي لا يمـوتُ، والجـنُّ والإنـسُ يموتونَ.

"अल्लाहुम्मा इन्नी अऊज़ो बि-इज़्ज़तिका - ला इलाहा इल्ला अन्ता - अन् तुज़िल्लनी, अन्तल ह़य्युल-लज़ी ला यमूतो, वल-जिन्नु वल-इन्सु यमूतून" (ऐ अल्लाह! मैं तेरे प्रभुत्व की शरण में आता हूँ - तेरे अलावा कोई सच्चा पूज्य नहीं - इस बात से कि तू मुझे पथभ्रष्ट कर दे। तू वह परम जीवित है जो कभी नहीं मरता, तथा जिन्न और मनुष्य मर जाते हैं।)

- اللَّهـمَ فاطـرَ السَّـماواتِ والأرضِ عـالمَ الغيـبِ والشَّـهادةِ، لا إلـهَ إلَّا أنـتَ، ربَّ كلِّ شيءٍ ومليكَـهُ، أعـوذُ بـكَ مـن شرِّ نفـسي، ومـن شرِّ الشَّـيطانِ وشِرْكِـهِ، وأن أقـترفَ عـلى نفـسي سـوءًا، أو أجُـرَّه إلى مسـلمٍ.

“अल्लाहुम्मा फ़ातिरस्-समावाति वल-अर्ज़ि, आलिमल-ग़ैबि वश्शहादति, ला इलाहा इल्ला अन्ता, रब्बा कुल्लि शैइन व मलीकहु, अऊज़ु बिका मिन शर्रि नफ्सी व मिन शर्रिश्शैतानि व शिर्किहि, व अन् अक़्तरिफ़ा अला नफ्सी सू-अन, औ अजुर्रहू इला मुस्लिम” (ऐ अल्लाह! आकाशों और धरती के रचयिता, परोक्ष और प्रत्यक्ष के जानने वाले! तेरे सिवा कोई सच्चा पूज्य नहीं, हर चीज़ के पालनहार और उसके मालिक! मैं तेरी शरण में आता हूँ अपनी आत्मा की बुराई से और शैतान की बुराई और उसके शिर्क से, और इस बात से कि मैं अपनी आत्मा पर कोई बुराई करूँ, या किसी मुसलमान के लिए बुराई का कारण बनूँ।)

- اللَّهـمَّ أصلِـحْ لي ديـني الَّـذي هـو عصمـةُ أمـري، وأصلِـحْ لي دنيـايَ الَّتـي فيهـا معـاشي، وأصلِـحْ لي آخـرتي الَّتـي إليهـا مَعـادِي، واجعـلِ الحيـاةَ زيـادةً لي في كلِّ خـيرٍ، واجْعَـلِ المـوتَ راحـةً لي مـن كلِّ شرٍّ.

अल्लाहुम्मा अस्लिह् ली दीनी अल्लज़ी हुवा इस्मतो अम्री, व-अस्लिह् ली दुन्याया अल्लती फीहा मआशी, व-अस्लिह् ली आख़िरती

अल्लती फीहा मआदी, वज्-अलिल् ह़याता ज़ियादतन ली फी कुल्लि ख़ैर, वज-अलिल-मौता राह़तन ली मिन् कुल्लि शर्र'' (ऐ अल्लाह मेरे लिए मेरे धर्म को सुधार दे जो कि मेरे मामले का बचाव है, और मेरे लिए मेरी दुनिया को सुधार दे जिसके अन्दर मेरी जीविका (रहन-सहन) है, और मेरे लिए मेरी आख़िरत (परलोक) को सुधार दे जिसकी ओर मुझे लौटना है, और मेरे लिए जीवन को प्रत्येक भलाई में वृद्धि का कारण बना दे, तथा मृत्यु को मेरे लिए प्रत्येक बुराई से मुक्ति का कारण बना दे।)

- اللَّهـمَّ إنِّي أسـألُكَ العافيـةَ في الدُّنيـا والآخـرةِ، اللَّهـمَّ إنِّي أسـألُكَ العفـوَ والعافيـةَ في دينـي، ودنيـايَ، وأهـلي، ومـالي، اللَّهـمَّ اسـتُرْ عـوراتي، وآمِـنْ روعـاتي.

''अल्लाहुम्मा इन्नी अस्-अलुकल आफ़ियह, फ़िद्दुन्या वल-आख़िरह, अलाहुम्मा इन्नी अस्-अलुकल अफ़्वा वल आफ़ियह फ़ी दीनी व दुन्याया व अह्ली व माली, अल्लाहुम्मस्-तुर औराती व आमिन रौआती'' (ऐ अल्लाह! मैं तुझसे दुनिया और आख़िरत में आफ़ियत (सुरक्षा) का सवाल करता हूँ। ऐ अल्लाह! मैं तुझसे क्षमा और अपने दीन, अपनी दुनिया, अपने परिवार और अपने धन में आफ़ियत (सुरक्षा) का सवाल करता हूँ। ऐ अल्लाह! मेरी पर्दे वाली चीज़ों (खामियों) पर पर्दा डाल दे और मेरी घबराहटों को सुकून (शांति) में बदल दे।)

- اللَّهـمَّ احفظنـي مـن بـين يـديَّ ومـن خلفـي، وعـن يمينـي وعـن شِـمالي، ومـن فوقـي، وأعـوذُ بعظمتِـكَ أن أُغتـالَ مـن تحتـي.

''अल्लाहुम्मह्-फ़ज़्नी मिन् बैने यदय्या, व मिन् ख़ल्फ़ी, व अन् यमीनी, व अन् शिमाली, व मिन् फ़ौक़ी, व अऊज़ो बि-अज़मतिका अन् उग़ताला मिन् तह़्ती'' (ऐ अल्लाह! मेरे सामने से, मेरे पीछे से, मेरे दाएँ से, मेरे बाएँ से तथा मेरे ऊपर से मेरी हिफ़ाज़त कर, और मैं इस बात से

तेरी अ़ज़मत (महानता) की शरण लेता हूँ कि अचानक अपने नीचे से विनष्ट कर दिया जाऊँ।)

- اللَّهـمَّ أحسِـنْ عاقبتـي في الأمـورِ كلِّهـا، وأجِـرْني مـن خِـزيِ الدُّنيـا، وعـذابِ الآخـرةِ.

"अल्लाहुम्मा अह़्सिन आक़िबती फिल उमूरे कुल्लिहा, व अजिर्नी मिन ख़िज़्यिद्-दुनिया व अज़ाबिल-आख़िरह" (ऐ अल्लाह! सभी मामलों में मेरा अंत (परिणाम) अच्छा कर और मुझे दुनिया के अपमान और आख़िरत की यातना से बचा।)

- اللَّهمَّ أعنِّي على ذكرِكَ، وشكرِكَ، وحُسنِ عبادتِك.

"अल्लाहुम्मा अ-इन्नी अला ज़िक्रिका व शुक्रिका व हुस्नि इबादतिक" (ऐ अल्लाह! तू अपने ज़िक्र (जप), अपने शुक्र और अच्छे ढंग से अपनी इबादत पर मेरी मदद कर।)

- اللَّهـمَّ إنِّي أعـوذُ بـك مـن زوالِ نعمتِـكَ، وتحـوُّلِ عافيتِـكَ، ومـن فُجـاءةِ نقمتِـكَ، ومـن جميـعِ سـخطِكَ.

"अल्लाहुम्मा इन्नी अऊज़ो बिका मिन् ज़वालि ने'मतिक, व तह़व्वुलि आफ़ियतिक, व मिन फ़ुजाअति निक़मतिक, व मिन जमीए सख़तिक" (ऐ अल्लाह! मैं तेरी नेमत के छिन जाने, तेरी आफ़ियत के बदल जाने, अचानक तेरे अज़ाब के आने और तेरे हर प्रकार के क्रोध से तेरी शरण में आता हूँ।)

- اللَّهمَّ إنَّك عفوٌّ تحبُّ العفوَ؛ فاعفُ عنِّي.

